प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

## पुरस्कार

हिमाचल प्रदेश को बच्चों के आधार नामांकन और आधार आधारित प्रमाणीकरण के लिए देश में अग्रणी स्थान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। नई दिल्ली में हाल ही में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा आयोजित आधार संवाद कार्यक्रम के दौरान ये पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि ये हिमाचल प्रदेश की सार्वभौमिक आधार कवरेज प्राप्त करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के बीच 64 प्रतिशत की आधार कवरेज की उपलब्धि हासिल की है जो पूरे देश में सबसे अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये राष्ट्रीय सम्मान प्रदेश सरकार और डिजिटल प्रौद्योगिकी व शासन विभाग की दूरदर्शिता, समर्पण और प्रभावी कार्यान्वयन रणनीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

## नीलामी

उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए शराब के ठेकों की नीलामी से 2 हजार 8 सौ 50 करोड़ राजस्व जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हर्षवर्धन चौहान ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 18 मार्च से इसकी नीलामी शुरू की गई थी जिसमें 2 सौ 40 ठेके नीलाम नहीं हो पाए हैं। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि अब इन ठेकों को सरकारी एजेंसियों के माध्यम से चलाया जाएगा।

## गेहूं खरीद

ऊना जिला में किसानों की गेहूं की फसल के लिए सरकारी अनाज मंडी गेहूं की खरीद का काम शुरू कर दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा जिले के दो स्थानों रामपुर और टकारला में अनाज मंडी खोली गई है। कृषि उपज मंडी के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिले की इन दोनों अनाज मंडी में गेहूं की खरीद का काम शुरू कर दिया गया है जो 15 जून तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2 हजार 4 सौ 25 रुपए निर्धारित किया गया है जो पिछले साल की अपेक्षा एक सौ 75 रुपए अधिक है। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गेहूं की सफाई के लिए यहां पर 15 छोटी और एक बड़ी मशीन भी स्थापित की गई है और ग्रेडिंग की भी पूरी व्यवस्था की गई है। वहीं किसान भी स्थानीय स्तर पर अनाज मंडी खोले जाने से खुश हैं।

हिमाचल

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर एस बाली ने कहा है कि पर्यटन प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और वर्तमान राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र को नये आयाम देने के दृष्टिगत कार्य कर रही है। नगरोटा और कांगड़ा में कल जनसमस्याएं सुनने के दौरान बाली ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे–छोटे टूरिस्ट स्पॉट विकसित किए जाएगें ताकि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लगभग 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की लागत से दो चरणों में नए पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना बनाई है। आर एस बाली ने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण और प्रदेश में 16 हेलीपोर्ट का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि बीती रात राजधानी शिमला सहित राज्य के कई भागों पर तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि और बारिश भी हुई है जिससे कुछ स्थानों पर बिजली बाधित होने का भी समाचार है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि आगामी दो दिनों के दौरान पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के पांच जिलों शिमला, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व मंडी में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश के कई भागों में ओलावृष्टि और आंधी तूफान को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। वहीं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना है।

मौसम विभाग ने 21 अप्रैल तक प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश व ओलावृष्टि का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है।